RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com   Bharat samman   Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-22 | अम्बिकापुर, बुधवार, 01 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रु.

# उम्मीदवार पल्लवी डेम्पो की 1,361 करोड़ रुपये की संपत्ति, जानें कौन है टॉप 10 सबसे अमीर कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा चुनाव के आगामी तीसरे चरण में, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच के एक विश्लेषण से पता चलता है कि 29 प्रतिशत, या 1,352 उम्मीदवारों में से 392, प्रत्येक उम्मीदवार 'करोड़पति' हैं। जिसकी औसत संपत्ति मूल्य 5.66 करोड़ रुपये है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दक्षिण गोवा से उम्मीदवार पल्लवी श्रीनिवास डेम्पो 1,361 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे धनी उम्मीदवार हैं। मध्य प्रदेश के गुना से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया को 424 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ फॉलो किया गया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर से कांग्रेस उम्मीदवार छत्रपति शाहू शाहजी संपत्ति के मामले में तीसरे स्थान पर हैं, उन्होंने 342 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है।

### कौन हैं पल्लवी डेम्पो मैदान में सबसे अमीर उम्मीदवार?

डेम्पो इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक पल्लवी डेम्पो गोवा में भाजपा के चुनावी इतिहास में पहली महिला उम्मीदवार हैं जो पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। उनकी संपत्ति में कंपनी की शेयरधारिता और दुबई और लंदन में लक्जरी घर शामिल हैं। उनके 119 पन्नों के हलफनामे के मुताबिक उन्होंने 255.44 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है. उनके पति श्रीनिवास डेम्पो ने 998.83 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। जैसा कि उनके हलफनामे में बताया गया है, डेम्पो की संपत्ति मुख्य रूप से 81 कंपनियों में शेयरधारिता और प्रसिद्ध ब्रांडों और बैंकों के बांड में निवेश से आती है। उनके पास दुबई और लंदन में लक्जरी संपत्तियां हैं, लक्जरी वाहन, आभूषण हैं और उन्होंने विविध निवेश किया है।




### ये है 10 सबसे अमीर उम्मीदवार

1. पल्लवी श्रीनिवास गोवा साउथ गोवा बीजेपी 1,361 करोड़
2. ज्योतिरादित्य सिंधिया स्वक्कगुना बीजेपी 424 करोड़
3. छत्रपति शाहू शाहजी महाराष्ट्र कोल्हापुर कांग्रेस 342 करोड़
4. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन कर्नाटक दावणगेरे कांग्रेस 241 करोड़
5. उदयनराजे भोसले महाराष्ट्र सतारा बीजेपी 223 करोड़
6. रणजीतसिंह नाइक महाराष्ट्र माधा बीजेपी 205 करोड़
7. प्रवीण सिंह एरन उत्तर प्रदेश बरेली समाजवादी पार्टी 182 करोड़
8. सुप्रिया सुले महाराष्ट्र बारामती NCP (शरदचंद्र पवार) 166 करोड़
9. मोहम्मद बदरुद्दीन असम धुबरी AIUDF 155 करोड़
10. पूनमबेन हेमतभाई गुजरात जामनगर बीजेपी 147 करोड़

# बिहार समेत 4 राज्यों में भीषण गर्मी की चेतावनी, रेड अलर्ट जारी

**नईदिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आने वाले दिनों में बिहार, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने संभावना जताई कि यहां अगले 2 से 3 दिन में अत्यधिक गर्मी पड़ेगी और भयंकर लू चलेगी। इसे देखते हुए विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है।लोगों को सावधानी बरतने और सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक घर से बाहर न निकलने को कहा गया है। आईएमडी के मुताबिक, सोमवार को पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, केरल और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चली, जिससे तापमान 45 डिग्री के पास पहुंच गया।आंध्र प्रदेश के कलाईकुंडा, कंडाला और नंद्याल में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस जारी किया गया। ओडिशा के बारीपदा और शेखपुरा में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।इन इलाकों में 15 अप्रैल से लू की स्थिति बनी हुई है। पूर्वी भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में गर्मी रहेगी। आईएमडी ने तेलंगाना, सिक्किम और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि रेड अलर्ट के साथ-साथ ऑरेंज अलर्ट वाले क्षेत्रों में भी लोग बाहर निकलने पर बीमार पड़ सकते हैं।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में मौसम अभी सामान्य बना हुआ है। यहां तापमान 40 डिग्री के आसपास है।दिल्ली में 4 मई के आसपास बारिश होने की संभावना है।






# भारतीय जनता मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष रोहन दुबे व प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद सोनू हुए मनोनय

**भारत सम्मान/रायपुर।** लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए एक तरफ कई क्षेत्रीय पार्टियों के पदाधिकारी व सदस्य राष्ट्रीय पार्टी में समाहित होती नजर आ रही है,तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी अपने पार्टी से असंतुष्ट होकर अन्य राष्ट्रीय पार्टियों में भाग्य आजमा रहे हैं। उसी तारतम्य में अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.निवासी रोहन दुबे को भारतीय जनता मजदूर संघ (निर्माण श्रमिक फोरम) में अहम जिम्मेदारी मिली वह सरगुजा जिला के अध्यक्ष पद पर व प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में कुनकुरी जशपुर निवासी मोहम्मद सोनू को मनोनय किया गया। यह मनोनय भारतीय जनता मजदूर संघ (निर्माण श्रमिक फ़ोरम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव की अनुशंसा एवं निर्देशानुसार भारतीय जनता मजदूर संघ (निर्माण श्रमिक फोरम) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रकाश अनंत के पहल पर नियुक्त किया गया है। रोहन दुबे ने अपने नियुक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्र ग्रह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री मंत्री विष्णु देव साय, भारतीय जनता मजदूर संघ (निर्माण श्रमिक फोरम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश अनंत, साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव का आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि भारतीय जनता मजदूर संघ देश में संगठित व असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों व उनके परिवारो को कल्याण हेतु विभिन्न रूपों में काम कर रहा है सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए दी जा रही योजनाओं के बारे में कैंप लगाकर गोष्ठियां कर अवगत करना संघ का मुख्य उद्देश्य है। रोहन दुबे के जिला अध्यक्ष बनायें जाने पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मित्र जनों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नि:शुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न




**भारत सम्मान/जशपुर/बिपिन सिंह।** अघोर पीठ,वामदेव नगर,गम्हरिया,जशपुर में गत दिनांक 28 अप्रैल 2024 रविवार को बाबा भगवान राम ट्रस्ट,जशपुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 108 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में पाँच साल से कम के 4 बच्चे भी थे। शिविर का शुभारम्भ प्रात: 04-00 बजे परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी एवं पूज्यपाद गुरुपद संभव राम जी के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रात: पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी रोहित सिंह को आमंत्रित किया गया था। शिविर में जशपुर जिले के अतिरिक्त महाराष्ट्र,राजस्थान, बिहार, उडिसा,नई दिल्ली,उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, वैकुण्ठपुर, सूरजपुर, जांजगीर, पत्थलगांव, भाटापारा, बिलासपुर, रायपुर, बलरामपुर, रायगढ आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात् वैद्य रंजीत सिंह जी द्वारा औषधि सेवनकाल में किये जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर पुन: तीन माह के बाद 4 अगस्त दिन रविवार को इसी अघोर पीठ,वामदेव नगर,गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में अखिलेश यादव,वेद तिवारी,शिवम अक्षय सिंह,सुमित उरांव,संतोष सोनी,विभूति,अनन्त साह, संतोष मिश्र एवं पी0के0 श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

# संपादकीय

## विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा। पिछले महीने ही सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने  एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। वस्तुत- शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है। सामान्यत- यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार-बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सर्वोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकी हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया। ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साखविहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार , विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्र बनाए रखना अद्भुत सफलता है। यही सच भी है। अनेक देशों ने हमारे चुनाव आयोग और एवं का सहयोग लेकर अपने यहां भी चुनाव संपन्न कराए हैं, लेकिन हमारे यहां के राजनीतिक दल, उनसे जुड़े वकील, कुछ एक्टिविस्ट, एकेडमिशियन, एक्टिविस्ट वकीलों का एक बड़ा वर्ग ईवीएम के विरुद्ध किसी न किसी तरह न्यायालय का उपयोग करते हुए या अन्य माध्यमों से अपना अभियान चलाते रहते हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनाव के पहले लंदन से लेकर अमेरिका जैसे देशों में भारत के ईवीएम को लेकर डेमो हो रहा है, बयान दिए जा रहे हैं। यह बात अलग है कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को जब भी चुनौती दी कि आइए हमारे समक्ष एवं से छेड़छाड़ साबित करिए तो कोई नहीं गया। जिस आम आदमी पार्टी के नेता पत्रकार वार्ता में एक नकली ईवीएम लेकर इसमें छेड़छाड़ साबित कर रहे थे वह भी चुनाव आयोग तक नहीं पहुंचे। साफ है कि इसके संबंध में जो भी आशंकाएं उठाई गई? वो निराधार हैं। वर्तमान मामले में ही अलग-अलग तरह के तर्क दिए गए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से प्रस्तुत याचिका में वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रस्तुति भी दी जिसमें साबित किया गया कि ईवीएम विसनीय प्रणाली नहीं है और हमें मत पत्रों से चुनाव की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने यह भी विकल्प दिया कि अगर ईवीएम से करना ही है तो वीवीपैट की बनावट ऐसी हो कि उसमें से हर मतदाता को उनके वोट की पर्ची मिल जाए। जब उन्होंने पश्चिम जर्मनी का उदाहरण दिया तो उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि वहां की आबादी कितनी है। सच है कि 7-8करोड़ आबादी वाले देश का उदाहरण 98 करोड़ से ज्यादा मतदाता वाले देश के संदर्भ में देना स्वीकार नहीं हो सकता। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि मत पत्रों से मतदान के दौरान क्या होता था यह हमें याद है और बताने की आवश्यकता नहीं। इसी तरह न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि समस्या मशीन में नहीं है समस्या मानवीय व्यवस्था में होती है। समस्या यह है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार खोने और जनता द्वारा समर्थन न मिलने के कारणों को समझने की बजाय यह मन कर चल रहे हैं कि भाजपा ने चुनाव आयोग को नियंत्रण में ले लिया है और उसके माध्यम से ईवीएम में छेड़छाड़ कर कर चुनाव जीत रही है। आप देखेंगे कि भारत में भाजपा विरोधियों द्वारा शासन के हर अंग पर सवाल उठाए जा रहे हैं और बड़े-बड़े नेता सरेआम चुनाव आयोग ही नहीं न्यायालय और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करने की सीमा तक चले जाते हैं। यह पूरी व्यवस्था और संपूर्ण तंत्र को संदेहास्पद बनाने का डरावना व्यवहार है। ईवीएम विरोधी अभियान को भी इसी दुखद और चिंताजनक प्रवृत्ति का अंग माना जा सकता है। हालांकि 2014 का चुनाव यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही हुआ था। उस समय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा पार्टी के रूप में न इतनी प्रभावी थी और न ऐसी  हैसियत रखती थी जितनी आज है। उसके पहले 2013 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी उसे व्यापक सफलता मिली थी। अच्छा हो कि उच्चतम न्यायालय इस पर अंतिम फैसला और मत दे दे ताकि अब इस विवाद को आगे न बढ़ाया जाए। समस्या यह है कि हमारे देश के एक्टिविस्टों का एक समूह तथा कुछ राजनीतिक दल व नेता अपने आचरण पर पुनर्विचार नहीं कर सकते। वह यही संदेश देते रहेंगे कि हमारी राजनीति ठीक है, लोगों का समर्थन भी है, लेकिन ईवीएम से हम नहीं जीत सकते। ये लोग ईवीएम को कठघरे में करता खड़ा करते रहेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण और लोगों के अंदर हमारी चुनाव प्रणाली को लेकर अत्यंत ही नकारात्मक मानसिकता पैदा करने का अभियान है, लेकिन हमारे आपके पास कोई चारा नहीं है। इसके अभी रु क जाने की संभावना नहीं है।

# तीसरे चरण में छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर 202 कंपनियां संभालेगी मोर्चा

## शाम छह बजे तक होगा मतदान




**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए तैयारियों को निर्वाचन कार्यालय ने अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सात मई को होने वाले चुनाव में सात लोकसभा सीटों पर 15,701 मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, वहीं 202 कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगी। निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिलेगी। ज्यादातर मतदान सुबह और शाम को मतदान केंद्रों में पहुंच रहे हैं। पहले व दूसरे चरण के चुनाव में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कई मतदान केंद्रों में सुबह सात से अपराह्न तीन बजे तक ही मतदान की प्रक्रिया संचालित की गई थी, लेकिन तीसरे व अंतिम चरण में किसी भी मतदान केंद्र में अपराह्ना तीन बजे तक मतदान नहीं होगा,बल्कि मतदान की प्रक्रिया शाम छह बजे तक चलेगी।

### सात लोकसभा सीटों में कुल इतने हैं मतदाता

सात लोकसभा सीटों में पात्र मतदाताओं की संख्या कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 है। निर्वाचन अधिकारियों के मुताबिक तीसरे चरण के लिए सरगुजा और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम व वीवीपैट की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर और जांजगीर व कोरबा में कमीशनिंग की प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हुई। रायपुर व दुर्ग लोकसभा के लिए 30 अप्रैल को कमीशनिंग का कार्य शुरु किया जाएगा।

### 117 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त

निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनवरी से लेकर अब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्ट व जांच-पड़ताल के दौरान कुल 117 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की गई है, जिसमें 20 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी सहित 17 करो़ड रुपये की कीमती धातु शामिल हैं। विधानसभा से ज्यादा इस लोकसभा चुनाव में नकदी व अन्य वस्तुओं की बरामदगी हुई है।

# महाकाल में छग के भक्त ने किया दान

## बाबा को चढ़ाया रजत जड़ित 2 किलो का चमचमाता मुकुट, श्रद्धालुओं को मिला सम्मान



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में छत्तीसगढ़ के रायपुर से आए एक भक्त ने 1 नग चांदी का मुकुट अर्पित किया है। जिसका कुल वजन 1935 ग्राम है। यानी करीब-करीब 2 किलो का रजत जड़ित मुकुट भेंट किया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सुभाष गुप्ता महाकाल मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। वहीं भक्त सुभाष गुप्ता ने महाकाल मंदिर के पुरोहित सतीश शर्मा और शिवम शर्मा की प्रेरणा से भगवान को 2 किलो चांदी का रजत जड़ित मुकुट भेंट किया है। जिन्हें मंदिर प्रबंध समिति के दर्शन व्यवस्था प्रभारी राकेश श्रीवास्तव ने विधिवत रसीद प्रदान की और दानदाता का सम्मान किया। यह जानकारी मंदिर प्रबंध समिति के कोठार शाखा के कोठारी मनीष पांचाल ने दी है। उन्होंने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर की सभी व्यवस्थाएं दान के माध्यम से ही संचालित होती हैं। मंदिर के अधिकारी, पुजारी, पुरोहितों और मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों व कर्मचारियों के माध्यम से भक्तों को मंदिर में दान करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# पत्नी के साथ विवाद में कूदे साले की गर्दन पर जीजा ने चलाई कुल्हाड़ी, मौके पर हुई मौत



**गरियाबंद।** खाने को लेकर जीजा और दीदी के बीच शुरू हुए झगड़े में बीच-बचाव करना युवक को भारी पड़ गया. जीजा ने साले की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के बाद खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया. सिटी कोतवाली प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार, घटना गरियाबंद कोतवाली क्षेत्र से पांच किलोमीटर दूर ग्राम तावरबाहरा की है, जहां ग्राम पंडरी पानी निवासी सनत कुमार ध्रुव अपने जीजा बंशीलाल ध्रुव के घर बीते कुछ महीनों से रह रहा था. सोमवार शाम 6 बजे के लगभग जीजा बंशीलाल और दीदी के बीच विवाद हो गया. इसी बीच उसने कुल्हाड़ी उठाया ही था, तभी बीच में सनत आ गया, जिसके गर्दन के नीचे बंशी लाल ने कुल्हाड़ी से वार कर किया। कुल्हाड़ी पड़ते ही सनत नजदीक बिछे पलंग पर गिरा, और उसकी मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी बंशीलाल स्वयं सिटी कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी. जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े, सहायक उप निरीक्षक टीकाराम अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे. पंचनामा बनाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है.





# अबूझमाड़ में पुलिस मुठभेड़ में दो महिला सहित दस नक्सलियों की मौत

## एके-47 के साथ बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**नारायणपुर।** नारायणपुर-कांकेर के सीमावर्ती इलाके में डीआरजी/ एसटीएफ जवानों की संयुक्त पार्टी के साथ हुए मुठभेड़ में दो महिला सहित दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. सर्चिंग के दौरान नक्सलियों के शव के साथ एक एके-47 के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को नारायणपुर/कांकेर सीमावर्ती इलाके के अबूझमाड़ में डीआरजी और एसटीएफ जवानों संयुक्त टीम नक्सल अभियान पर रवाना हुई थी. 30 अप्रैल को सुबह 6 बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नक्सलियों का डीवीसी और सीसी मेम्बर होने की सूचना मिल रही हैं, नक्सलियों ने बंकर बनाने की तैयारी कर रखी थी. जेसीबी मशीन और बड़ी मात्रा में राशन जप्त किया हैं. यही नहीं कंप्यूटर और भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया गया है. मुठभेड़ पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक दो महिला माओवादी सहित कुल सात माओवादी कैडर के शव बरामद किए गए, जिसकी शिनाख्तगी की जा रही है. सर्च के दौरान नक्सलियों के डेरे से पुलिस ने एक एके-47 के साथ भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री जप्त की है. सर्चिंग अभियान के पूरा होने के बाद पृथक से विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए आईपीएस जीपी सिंह को बड़ी राहत

## कैट ने बहाली का दिया आदेश



**रायपुर।** केंद्र सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किए गए आईपीएस जीपी सिंह को कैट से बड़ी राहत मिली है. कैट ने चार हफ्तों के भीतर जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया है. 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीते साल जुलाई के महीने में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी थी। बता दें कि एसीबी की टीम ने एक जुलाई 2021 को सिंह के पुलिस लाइन स्थित सरकारी बंगले के अलावा राजनांदगांव और ओडिशा के 15 अन्य स्थानों पर छापामार कार्रवाई की थी, जिसमें 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति के साथ कई संवेदनशील दस्?तावेज मिले थे. छापे से मिली संपत्ति के आधार पर एसीबी ने एक तरफ जीपी सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में एफआईआर दर्ज किया था, वहीं दूसरी ओर सरकार ने 5 जुलाई को उन्हें सस्पेंड कर 8 जुलाई की रात को उनके खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज किया था। इस घटनाक्रम के बाद 9 जुलाई 2021 को जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई. मामले की जांच के बाद 11 जनवरी 2022 को जीपी सिंह को नोएडा से गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उन्हें मई 2022 में जमानत मिली थी। इस पूरे वाकये के बाद सर्विस रिव्यू कमेटी की सिफारिश पर 21 जुलाई 2023 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस जीपी सिंह को भारत सरकार ने कंप्लसरी रिटायर कर दिया था. जब आईपीएस को कंप्लसरी रिटायर करने का फैसला लिया गया था, तब जीपी सिंह की सेवा के आठ साल बचे थे।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS


# भूपेश ने गरीबों का आवास रोका, हमारी सरकार सांय-सांय बनवाएगी - साय

## कांग्रेसियों का दिमाग खराब हो गया है, आज कल उल्टा-पुल्टा बोल रहे हैं

## चौबीस घंटे में अट्ठारह घंटे काम करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री





### हर दिन 18 घंटे काम करते हैं प्रधानमंत्री

अपने चुनावी अभियान के अंतर्गत देर शाम दुर्ग के अहिवारा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ये चुनाव देशवासियों के हित के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। श्री साय ने लोकसभा चुनाव को मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव बताया। विष्णु देव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर-चांपा के लिए श्रीमती कमलेश जांगड़े और दुर्ग के लिए विजय बघेल के पक्ष में जमकर मतदान करने का आग्रह जनता से किया।

**रायगढ़/खरसिया/।** कांग्रेस ने प्रदेश के 18 लाख गरीबों को पीएम आवास से वंचित कर दिया था। मोदी सरकार ने आवास के लिए पैसे भी भेजे थे। लेकिन उनके द्वारा भेजे गए केन्द्रांश को भूपेश बघेल की सरकार ने वापस लौटा दिया और गरीबों के आवास अधूरे के अधूरे रह गए। जबकि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादे के अनुरूप शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन 18 लाख पीएम आवास को स्वीकृति दी, मोदी की गारंटी को पूरा किया। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री आवास का काम सांय-सांय पूरा होगा। 18 लाख परिवारों के पक्के छत का सपना पूरा होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज तीन जिलों में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने रायगढ़ के चपले, जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण एवं दुर्ग के अहिवारा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का आग्रह किया। रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया की तारीफ करते हुए श्री साय ने कहा कि भाई राधेश्याम को जनसेवा का लम्बा अनुभव है। उन्होंने सरपंच से लेकर जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, एसटी मोर्चा और किसान मोर्चा सब में काम किया है। वे मृदुभाषी और कर्मठ हैं। उनको कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जिताकर लोकसभा भेजना है। ये आप सभी से आग्रह करने आया हूँ।

### नेता नहीं बेटा बन कर सेवा करना चाहता हूँ - राधेश्याम राठिया

भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने अपने संबोधन में नेता नहीं बेटा बन कर जनता-जनार्दन की सेवा करने की बात कही। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे हर एक परिवार के सुख-दु:ख में साथ खड़े रहेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रतिनिधि बनकर वे प्रत्येक गांव का विकास करने हेतु तत्पर रहेंगे। उन्होंने जनता से आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर सांसद बनाने की अपील की।

### शिवरीनारायण में माता शबरी, भांचा राम को किया याद

जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उन्हें पहली बार शबरी माता के पावन धाम शिवरीनारायण आने का सौभाग्य 22 जनवरी को मिला था। उन्होंने यहीं से ही छत्तीसगढ़ के भांचा राम के अयोध्या के भव्य राम मंदिर में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने की बात को स्मरण किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी द्वारा दिए गए उद्बोधन में शबरी माता के जिक्र किये जाने की बात उन्होंने जनता से कही। श्री साय ने आत्मीय और स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए शिवरीनारायण की जनता का आभार जताया। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं में पहले से ही हार की हताशा साफ दिख रही है। इसलिए हमारे बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेसियों का दिमाग खराब हो गया है, आज कल उल्टा-पुल्टा बोल रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा दिए गए लाठी से सर फोड़ने वाले बयान, कवासी लखमा द्वारा मोदी मर जाए वाले बयान की निंदा की। जनता से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव में भी बिगड़े बोल वाले कांग्रेस नेताओं और उसकी पार्टी को सबक सिखाना है, करारा जवाब देना है। कांग्रेस को खाता खोलने भी नहीं देना है।

### कमल में बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं - कमलेश जांगड़े

यहाँ की लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सब मोदी जी के परिवार हैं। जब परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़ता है तो ये हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनके पक्ष में वोट कराने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित करें। रिश्तेदारों को फोन करके, तो वहीं डोर टू डोर जनसम्पर्क के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच कर अपने परिवार के मुखिया को जिताने में योगदान दें। उन्होंने कमल छाप पर बटन दबाकर भाजपा को जिताने, सांसद बनाने की अपील जनता से की।



## तेंदुए ने ग्रामीण पर किया हमला तो इधर मवेशियों को बनाया शिकार, इलाके में दहशत

**कोरबा/ गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में तेंदुए से हमले करने की खबर सामने आई है. इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. पहली घटना कटघोरा वनमंडल की है जहां जंगल गए शख्स पर तेंदुए ने हमला कर दिया. इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है. दूसरी घटना गरियाबंद के छुरा गांव की है. यहां तेंदुआ मवेशियों का शिकार कर रहा है. इन घटनाओं को लेकर वन विभाग अलर्ट है। कोरबा के कटघोरा वनमंडल के गोकुण्डा तनेरा गांव का ग्रामीण जंगल में शौच के लिए गया हुआ था. इस दौरान तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया. जिसके बाद उसने बचाव के लिए चीखपुकार करने लगा तभी आसपास मौजूद ग्रामीण आवाज सुन कर घटना स्थल पहुचें और उसकी जान बचाई. तेंदुए के हमले में ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया था. घायल अमलीकुंडा बजरू उरांव का अस्पताल में इलाज चल रहा है. यह घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोकुण्डा तनेरा गांव की है। गरियाबंद जिले के छुरा क्षेत्र की है. यहां तेंदुआ गांव में घुस कर मवेशियों का शिकार कर रहा है. छुरा क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की आमद से हड़कंप मचा हुआ है. ग्रामीण दहशत की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं. वहीं वन विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया है।

## भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा- महालक्ष्मी योजना के नाम पर ठगने का काम कर रही कांग्रेस, जनता को कर रहे भ्रमित

**रायपुर।** एकात्म परिसर में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव प्रदेश में अंतिम चरण में है. 7 मई को चुनाव है. जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा वैसे-वैसे नेताओं का दौरा हो रहा, लेकिन कांग्रेस का मामला दूसरा है. कांग्रेस अपनी स्थिति को नाकाम देखते हुए जनता को दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहे।




श्रीवास्तव ने कहा, आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज आ रहे. उनकी प्रेस कांफ्रेस थी वह रद्द हुई है. कांग्रेस के अंदर से सूचना आ रही. जिस तरह से अमित शाह का वीडियो आ रहा उसी जवाब से बचने कांग्रेस को प्रेस कांफ्रेस रद्द करना पड़ा. इससे कांग्रेस की स्थिति समझा जा सकता है. संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस हार की बौखलाहट में है. ये केवल झूठ बोलकर आम जनता के बीच प्रस्तुत कर रहे, वीडियो को एडिट कर डाला जा रहा. संविधान के बारे में भी मिथ्या प्रचार किया जा रहा.

लोकतंत्र खतरे में होने की बात कांग्रेस करती है, जबकि कांग्रेस खतरे में है। कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना को लेकर संजय श्रीवास्तव ने कहा, महालक्ष्मी योजना के नाम पर कांग्रेस ठगने का काम कर रही। इनकी 15 हजार वाली योजना को महिलाओं ने ठुकराया और हमारी 12 हजार वाली योजना को स्वीकारा. जनता जानती है। कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है. आरक्षण को लेकर श्रीवास्तव ने कहा, धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं है। बावजूद कांग्रेस ने गैर मुस्लिमों को आरक्षण देने का काम किया।

## भाजपा का कार्टून अटैक जारी, बताई कांग्रेस प्रत्याशियों की एक्स-रे रिपोर्ट

**रायपुर।** कांग्रेस के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी अपना कार्टून अटैक जारी रखे हुए हैं. अबकी बार भ्रष्टाचार को कांग्रेस का पर्याय बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों की एक्स-रे रिपोर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़ भाजपा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस पर कार्टून अटैक शुरू कर दिया था. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शुरू हुआ यह हमला अबकी बार कांग्रेस के रायपुर, बिलासपुर और जांजगीर लोकसभा के प्रत्याशियों तक पहुंच गया है. इसमें डॉक्टर के तौर पर राहुल गांधी के हाथों में भ्रष्ट छत्तीसगढ़ कांग्रेस का फाइल लिए हुए हैं, वहीं उनके सामने रायपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी विकास उपाध्याय, बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी देवेंद्र यादव और जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी शिव डहरिया एक्स-रे स्कैन नजर आ रहा है, जिसमें इन प्रत्याशियों से जुड़े तमाम घोटालों का जिक्र किया जा रहा है।




## राजभवन के पास पलटी ई-रिक्शा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में राजभवन के गेट नंबर एक के समाने दोपहर लगभग 2.30 से 3.00 बजे एक ई रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई जिसमें सवार जानकी यादव एक बुजुर्ग महिला और वाहन चालक विदुर महानंद के गिर जाने से दोनों को गंभीर रूप से चोटे आई । दोनों घायल दर्द के मारे कहार रहे थे और घटना स्थल में भीड़ लगी हुई थी तभी वहां से गुजर रहे अधिवक्ता भगवानू नायक एवं भाजपा नेता प्रदीप साहू ने अपनी कार रोककर तत्काल घटना स्थल पहुंचे और 112 को सूचना देकर तुरंत एंबुलेंस मंगाया और दोनों घायलों को को एंबुलेंस में डालकर भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय के लिए रवाना किया। इस वक्त काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए थे राजभवन के सुरक्षा कर्मी और पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद थे । घायल बुजुर्ग महिला जानकी यादव ने सूरज नगर, लाभांडी रायपुर और ई रिक्शा चालक विदुर महानंद ने कबीर नगर निवासी बताया। इस दौरान भगवानू नायक ने वाहन को धीरे चलाने की नागरिकों से अपील करते हुए कहा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना मानवता और नैतिक दायित्व है। भीड़ का हिस्सा बनने के बजाय घायलों की मदद कर अपनी भीड़ से अलग पहचान बनाए और मानवता का उदाहरण प्रस्तुत करें।

# जग्गी हत्याकांड: सुप्रीम कोर्ट से राहत पाने वाले सभी पांच आरोपियों ने किया सरेंडर, जेल दाखिल करने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जग्गी हत्याकांड के पांच आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट से मोहलत मिलने के बाद आज रायपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया है. मामले में दो आरोपियों ने पहले सरेंडर किया था. वहीं आज मेयर एजाज ढेबर के भाई याह्या ढेबर के सरेंडर के बाद तत्कालीन सीएसपी अमृतसिंह गिल, तत्कालीन थाना प्रभारी वी के पांडे, तत्कालीन क्राइम ब्रांच अधिकारी आर सी त्रिवेदी सहित सूर्यकांत तिवारी ने सरेंडर किया है. सभी ने विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी की कोर्ट में सरेंडर किया है. सभी को जेल में दाखिल करने की तैयारी की जा रही है।

मामले में अब तक 7 दोषी चिमन सिंह, विनोद सिंह राठौर, सूर्यकांत तिवारी, याह्या ढेबर, पुलिस अधिकारी आर सी त्रिवेदी, अमृतसिंह गिल और वी के पांडे समेत कुल 7 दोषियों ने सरेंडर किया है। जग्गी हत्याकांड मामले के 27 दोषी 15 अप्रैल को रायपुर जिला कोर्ट में सरेंडर करने वाले थे लेकिन उससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर समेत अन्य को राहत देते हुए सरेंडर के लिए तीन हफ्ते का अतिरिक्त समय दिया था. जानकारी के मुताबिक जस्टिस एसवीएन भाटी की बेंच ने यह आदेश पारित किया था।



### 2003 में हुई थी रामावतार जग्गी की हत्या

4 जून 2003 को एनसीपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे, जिनमें से दो विक्रम शर्मा उर्फ बल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे. 29 आरोपितों पर केस चला. इस मामले के मुख्य आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को छोड़कर शेष 27 आरोपितों को उम्रकैद की सजा हुई थी. उम्रकैद की सजा पाने वालों में 2 तत्कालीन ष्टस्क्क और एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई याह्या ढेबर और शूटर चिमन सिंह भी शामिल हैं।



## सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला

### 4 की मौके पर मौत, चालक फरार

**राजनादगांव।** चिखली थाना क्षेत्र में सड़क हादसा हो गया. यहां तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से 4 लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार चिखली थाना क्षेत्र के तिलई गांव के पास ट्रक ने लोगों को ठोकर मार दी. हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है की सड़क किनारे लोग बस का इतंजार कर रहे थे. वहां अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया. ट्रक ने एक मवेशी को भी ठोका. उसकी भी मौत हो गई. हादसे की जानकारी मिलने के बाद चिखली पुलिस घटनास्थल पहुंची है. मिली जानकारी के अनुसार हादसे में 3 महिला और 1 पुरुष की मौत हो गई. चारों एक ही परिवार के थे और तिलई गांव के ही रहने वाले थे. चारों बस का इंतजार कर रहे थे. इस दौरान खैरागढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी. हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर फरार है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.



## कस्टम मिलिंग घोटाला: 4 मई तक ईडी की रिमांड पर रहेंगे खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में ईडी ने खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को गिरफ्तार कर ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया. इस दौरान ईडी ने 14 दिनों की रिमांड मांगी पर कोर्ट ने मनोज सोनी को 4 मई तक ईडी की रिमांड पर भेजा. उसे 4 मई को ईडी फिर कोर्ट में पेश करेगी।

बता दें कि कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर दर्ज स्नढ्ढक्र में आरोपियों की सूची में मनोज सोनी का भी नाम है. करोड़ों रुपये के घोटाले के कथित मास्टर माइंड रोशन चंद्राकर से ईओडब्ल्यू की टीम ने सोमवार को अपने दफ्तर में पूछताछ की. उसके बाद आज खाद्य विभाग के पूर्व विशेष सचिव और मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को पूछताछ के लिए तलब किया, जहां ईओडब्ल्यू के दफ्तर में कड़ी पूछताछ के बाद ईडी ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया.

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए की भिलाई स्टील प्लांट में की 30 साल नौकरी

### बड़े भाई की शिकायत पर हुई गिरफ्तार



**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने 30 साल से भिलाई स्टील प्लांट में फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. उसने क्चस्क्क में नौकरी पाने के लिए फर्जी अंकसूची के साथ-साथ फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का भी दस्तावेज तैयार कर नौकरी की. मामले में शिकायत करने वाला कोई और नहीं बल्कि आरोपी का बड़ा भाई ही है।

भिलाई के भट्ठी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुंडरदेही बालोद निवासी मंथीर राम टंडन ने पिछले साल एसपी कार्यालय में शिकायत की थी कि उसके पिता लैनू राम टंडन बीएसपी के कोक ओवन विभाग में सीनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे. वर्ष 1990 पिता मेडिकल अनफिट हो गए. छोटे भाई किशन लाल ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था. उस दौरान उसने 10वीं पास का सार्टिफिकेट लगाया था, जबकि उनका भाई 10वीं की परीक्षा में फेल हो गया था।

भिलाई स्टील प्लांट में नौकरी पाने के लिए किशन ने फर्जी 10वीं पास की मार्कशीट और अनुकंपा नियुक्ति के दस्तावेज तैयार किए. इसके आधार पर उसने बीएसपी में नियमित कर्मचारी के रूप में एमएम सिविल मेंटनेंस डिपार्टमेंट सेक्टर 9 में अटेंडेंट सिविल के पद पर नियुक्ति पा ली। टीआई रंगारी ने बताया कि शिकायत के बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई. बीएसपी से दस्तावेज मांगे गए तो पता चला कि किशन लाल ने वर्ष 1993 में एनएमआर की श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति के समय जो दस्तावेज अपनी शैक्षणिक योग्यता के संबंध में जमा किया था. वह फर्जी दस्तावेज थे. इस आधार पर भट्ठी पुलिस ने ग्राम-पुरई उतई निवासी आरोपी किशन लाल के खिलाफ धारा 420,467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

--

## चुनाव के बीच रायपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चेकिंग के दौरान ओडिशा की पिकअप से 50 लाख कैश बरामद

**रायपुर।** चेकिंग अभियान के दौरान रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने एक पिकअप से 50 लाख कैश बरामद किया है. इतनी बड़ी रकम ओडिशा के वाहन में छिपकर लाया जा रहा था. यह मामला आरंग थाना क्षेत्र का है. मामले में पुलिस आगे की जांच कार्रवाई कर रही है।


जानकारी के अनुसार, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आरंग पुलिस रात में महासमुंद तिराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी. इस दौरान आलू से भरे पिकअप ह्रष्ठ 02 ष्टस्न 5591 के अंदर कार्टून में छिपा कर रखे लगभग 50 लाख रुपये मिले. मामले में वाहन के ड्राइवर प्रताप प्रधान ढेंकानाल (ओडिशा) निवासी ने पैसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किया. जिसके बाद 102 सीआरपीसी के तहत पैसे जब्त कर इनकम टैक्स विभाग को इसकी सूचना दी गई। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह ने थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और एसएसटी, फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से राज्य और जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनों पर सतत निगरानी रखने चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी करने निर्देशित दिए हैं।



### आलू से भरे पिकअप के अंदर छिपाए थे 50 लाख

**जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव मद्देनजर आरंग पुलिस द्वारा रात्रि में महासमुंद तिराहे के पास चेकिंग के दौरान आलू से भरे पिकअप ओडी 02 सीएफ 5591 जिसमे ढेंकानाल ओडिसा निवासी ड्राइवर प्रताप प्रधान था, को रुकवाया गया तो उसके अंदर कार्टून में छिपा कर रखा लगभग 50 लाख रुपए मिला। पैसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज न होने से 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया है और इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया है. पुलिस द्वारा जांच जारी है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के साथ उक्त कार्यवाही में टीआई आरंग सत्येंद्र श्याम, प्रधान आरक्षक ऋषि पटेल, गिरधर प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।**

## महादेव सट्टा एप मामला: ईडी ने आरोपी गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी के खिलाफ पेश किया 2000 पन्नों का चालान




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में गिरफ्तार आरोपी गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चालान पेश किया है. ईडी ने करीब 1500 से 2000 पन्नों का चालान पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में पेश किया है. इसके साथ ही श्वष्ठ ने आरोपी सूरज चोखानी और गिरीश तलरेजा कोर्ट में पेश किया है. सूरज और गिरीश पिछले 2 महीने से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547